

हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय - प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 201 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 05 मई 2024 | मूल्य 2 रुपया


## कहीं स्टॉफ से कम बच्चे तो कहीं शून्य...

# जिले में बंट रही फोकट की तनख्वाह!



**[ मामला सरकारी स्कूलों का ]**

**मंदसौर, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के कई सरकारी स्कूलों में फोकट ही तनख्वाह बंट रही है। ऐसे एक -दो नहीं, बल्कि 84 स्कूल हैं। इनमें कहीं स्टॉफ से कम तो थोड़े बहुत ज्यादा तो कहीं तो बचे ही नहीं है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्थानांतरण नीति और नामांकन के साथ स्कूल चले अभियान जैसे दावे धरातल पर कितने खरे उतर रहे हैं।

जिले के सरकारी स्कूलों से बालकों का मोहभंग हो रहा है। इसका सबसे ताजा उदाहरण है कि जिले में एक या दो नहीं बल्कि 84 प्राथमिक स्कूल ऐसे हैं जहां पर छात्र संख्या इतनी कम है कि स्टाफ छात्रों के औसत से अधिक हो गया है। कहीं-कहीं तो छात्रों की संख्या 0 तक पहुंच गई है। ऐसे में नामांकन बढाने के लिए जितने दावे के जा रहे हैं वे खोखले साबित हो रहे हैं। जब शिक्षा अधिकारियों से नामांकन के बारे में या उपस्थिति शिक्षकों को अन्य स्कूलों में स्थानांतरण के बारे में पूछा जाता है तो वे स्थानांतरण नीति और नामांकन इस साल बढाने का बोल कर इतिश्री कर लेते हैं।

### कहां कितने ऐसे स्कूल...

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले सत्र के अनुसार जिले में 20 या उससे कम छात्र संख्या वाले करीब 84 स्कूल है। इसमें सबसे अधिक स्कूल सीतामऊविकासखंड के हैं। यहां 25 स्कूल हैं। इसके अलावा भानपुरा में 15 प्राथमिक विद्यालय ऐसे हैं जहां पर 20 से कम छात्र संख्या है। इसी तरह मल्हारगढ में भी 15 प्राथमिक विद्यालय है। मंदसौर में 16 प्राथमिक विद्यालय हैं तो गरोठ में 13 प्राथमिक विद्यालय है।

### यहां तो बच्चे ही नहीं...

मिली जानकारी के अनुसार इन विद्यालयों में सीतामऊक्षेत्र का धाकड खेड़ी, मंदसौर का बरखेड़ी प्राथमिक विद्यालय सहित 3 विद्यालय ऐसे हैं जहां 0 छात्र संख्या है। इसके अलावा 17 ऐसे प्राथमिक विद्यालय हैं जहां पर छात्र संख्या 10 से कम है। इन सभी स्कूलों में एक या दो शिक्षक है। सीतामऊके दलपत प्राथमिक विद्यालय में 2 विद्यार्थी है। सीतामऊनंबर वन प्राथमिक विद्यालय में 3 छात्र है तो रुंडी का खेड़ा प्राथमिक विद्यालय में 5 विद्यार्थी है। इन स्कूलों में कई कक्षाओं में तो बच्चों की संख्या शून्य है। इनमें नामांकन पर कितना ध्यान संबंधित शिक्षकों द्वारा दिया गया है यह साफ दिखाई दे रहा है।

### स्कूल चलो अभियान केवल दिखावा...

हर साल स्कूल में नामांकन बढाने के लिए स्कूल चलें अभियान से लेकर कई प्रयास किए जाते हैं। इस अभियान को जोर शोर से मनाया जाता है। लेकिन, जिले में इस अभियान का नहीं के बराबर असर हो रहा है। इससे नामांकन में बढोतरी नहीं हो रही है। 10 साल पहले नामांकन और वर्तमान के नामांकन देखे तो करीब 20 से 25000 का अंतर सामने आएगा। इससे सरकारी स्कूलों में कितनी कमियां है, यह सामने आएगा।



# 5वीं-8वीं की पुन: परीक्षा 3 जून से

**मंदसौर, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** कक्षा 5वीं और 8वीं में जो भी बच्चे एक या कई सब्जेक्टस में फैल हो गए हैं , वह पुन: परीक्षा देकर इसे पास कर सकते हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग ने पांचवीं और आठवीं की परीक्षा सत्र 2023-24 के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर्स को राज्य शिक्षा केन्द्र ने पत्र लिखा है। कक्षा-5 और 8 की पुन: परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाए। इन कक्षाओं के पुन: परीक्षा केन्द्र जनशिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किये जायें। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्र तक परीक्षार्थियों को पहुंचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों का होगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राज्य शिक्षा केन्द्र के जिला समन्वयक से भी प्राप्त की जा सकती है। बताया जा रहा है कि पुनः परीक्षा में करीब 2.51 लाख छात्र शामिल हो सकते हैं।

## पुलिस चोकी से 100 फिट दूरी पर मकान का ताला तोड़कर...

# आठ लाख के जेवर व नकदी ले उड़े चोर




**पिपलियामंडी, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार शाम पुलिस चोकी से 100 फिट दूरी पर पास ही सूने मकान का ताला तोड़कर चोर लाखों के जेवर व नकदी ले उडे। चोरों ने करीब 8 लाख रुपए के सोने के जेवर व 3 हजार रुपए नकदी चोरी की है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी। घटना के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया भी पिपलिया पुलिस चौकी में ही थे, जो हाल ही बरामद 70 क्विंटल डोडाचूरा बरामदगी को लेकर चल रही विवेचना की जानकारी लेने यहां आए थे। जानकारी के अनुसार घटना शनिवार शाम 5 से 6 बजे के बीच की बताई जा रही है। बालाजी मंदिर के पीछे निवासरत उमेश पिता मन्नालाल मोदी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में टहलने गए थे, घर पर कोई नही था। उनके बेटे पैगाम कनघट्टी ग्रामीण बैंक में ड्यूटी पर थे। इसी दौरान चोर घर का ताला तोड़कर घुसे। उमेश मोदी छह बजे करीब टहलकर वापस आए तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, अलमारी खुली थी, सामान अस्त-व्यस्त था, घर में रखी अलमारी का लॉक, अंदर लॉकर का लॉक व साइड लाकर का लॉक भी तोड दिया। अन्दर रखी सोने की 5 अंगूठियां, 2 चेन, 2 सोने के लॉकेट, 2 हाथ की पोची तथा 3 हजार रुपए नकदी चोरी कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पहुंची व घटना की जानकारी ली। आस-पास लगे सीसीटीवी भी खंगाले लेकिन कोई संदिग्ध नजर नही आया। संभावना है कि चोर बालाजी मंदिर के पीछे सूनसान रास्ते से दिवार फांदकर आए और उधर से वापस चले गए। एसडीओपी नरेन्द्र सोलंकी ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, विवेचना जारी है।

## मामला इरफ़ान अली को गोली मारने का...

# मदारपुरा के कल्लू छुरी ने उपलब्ध कराई थी पिस्टल

**मंदसौर, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** बीती 28 अप्रेल को कोर्ट को कोर्ट और पशुपतिनाथ मंदिर के बीच कथित रूप से गोली बारी की घटना हुई थी। इस वारदात में इरफ़ान अली को उसके दोस्त नईम ने ही कथित रूप से गोली मार दी थी। नईम इरफ़ान से पैसे मांगता था और इरफ़ान उसको पैसे नहीं लौटा रहा था। जिससे उसके मन में इरफ़ान के प्रति नाराजगी थी, नईम इरफ़ान से पैसे के बदले गाड़ी देने का भी कह रहा था। लेकिन, वह इसमें भी तैयार नहीं था। इधर पुलिस ने नईम को रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो पता चला की वह पिस्टल मंदसौर के मदारपुरा निवासी कल्लू छुरी से लाया था।

पुलिस के मुताबिक घटना वाले दिन नईम और इरफ़ान आइसक्रीम खाने प्रतापगढ़ पुलिया पर गए, वहां उन्होंने आइसक्रीम खाई और वापस लौटते समय नईम ने पीछे से इरफ़ान को गोली मार दी थी। गोली मारने के बाद नईम ने इरफ़ान को धमकाया था की इस बारे में किसी को बताया तो जान से मार देंगे। शुक्रवार को पुलिस ने इस मामले का पर्दाफाश किया था। नईम को न्यायालय में पेश कर रिमांड मांगा था, रिमांड पर नईम ने कुबूल किया की वह पिस्टल मदारपुरा के शातिर बदमाश कल्लू उर्फ़ छुरी से लाया था. पुलिस ने कल्लू छुरी को भी पकड़ लिया है। कल्लू के ऊपर वर्ष 2003 से 2013 तक 10 आपराधिक मामले दर्ज है। वह भी छटा हुआ बदमाश है।





## मामला मिड इंडिया अंडरब्रिज पर पानी जमा होने का...

# गति अवरोधक के बाद भी दुर्घटना झोन बना ब्रिज

**मंदसौर, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** लंबे संघर्ष के बाद बने मिड इंडिया अंडरब्रिज पर आवागमन शुरु हुए करीब दो साल बीत गए है। लेकिन, फिर भी यहां जमा हो रहे पानी ओर इससे जम रही गाद व फिसलने की समस्या से निजात नहीं मिली है। रोज यहां वाहन चालक गिर रहे है। इधर अंडर ब्रिज में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नपा ने स्पीड ब्रेकर बनाए। लेकिन, पूरे ब्रिज के नीचे पानी जमा होकर फिसलन हो रही है। जिससे यह ब्रिज दुर्घटना झोन बन गया है।

बता दें कि पानी की निकासी के लिए बना पंप हाउस भी यहां से पानी नहीं निकाल पा रहा है। नपा रेलवे को अवगत करा चुकी है। लेकिन, इस समस्या का कोई हल निकलता नजर नहीं आ रहा। आम लोगों की यह समस्या नपा व रेलवे के बीच ही झुल रही है। इस ब्रिज से औसतम हर दिन 40 हजार लोग गुजर रहे है। नपा ने फिर से गेंद रेलवे के पाले में डाल दी है। लेकिन, रेलवे पहले ही अंडरब्रिज का निर्माण होने के बाद से बढ़ी हुई लागत की राशि के लिए नपा को पत्र लिख रहा है। वहीं रेलवे ने मौखिक रुप से सहमति दी तो अब नपा फिसलन को दूर करने के लिए जुगाड़ कर रही है।

### रेलवे ने बनाया ब्रिज, नपा ने दी 50 प्रतिशत राशि...

अंडरब्रिज का लोकार्पण हुए दो साल बीत गए और यहां से आवागमन भी चल रहा है। लेकिन, पानी जमा होने से हो रही परेशानी यथावत बनी हुई है। इससे हर दिन लोग परेशान हो रहे है। बारिश के दिनों में यह परेशानी और बढ जाती है। ब्रिज का निर्माण रेलवे ने किया है। लेकिन 50 प्रतिशत राशि नपा ने दी है। निर्माण के दौरान पानी निकासी के लिए पंप हाउस का निर्माण किया था लेकिन फिर भी यहां भरे रहने वाले पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। नपा के तकनीकि अमले का कहना है कि रेलवे ने ब्रिज को पानी की निकासी के लिए केम्पर मेंटेन करके नहीं बनाया है। इसके चलते समस्या है। इसी के चलते नपा ने रेलवे को पत्र लिखकर आमलोगों की परेशानी से अवगत कराया था। रेलवे ने नपा को इसके लिए मौखिक रुप से सहमति दी तो निकासी के लिए नपा ने यहां काम की शुरुआत की। हालांकि इससे यह समस्या स्थायी रुप से दूर हो पाएगी, इसमें भी संदेह बना हुआ है।

# आरटीओ का सर्वर ठप्प

**हजारों आवेदक काट रहे चक्कर, बंद पडे लायसेंस, फिटनेस, परमिट जैसे काम**



**भोपाल, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेशभर के आरटीओ कार्यालयों में सर्वर की परेशानी के चलते हजारों आवेदक दो दिन से लगातार आरटीओ के चक्कर काट रहे हैं। स्थिति यह है कि पिछले दो दिन से लगातार सर्वर ठप्प है। परिवहन अधिकारियों की माने तो 2 मई दोपहर 2 बजे से सर्वर बंद है और इसके चलते एक तरफ लाइसेंस के आवेदक परेशान हैं तो दूसरी तरफ फिटनेस व रिन्युअल जैसे काम भी नहीं हो रहे हैं। पिछले करीब दो महीने में 16वीं बार सर्वर बंद रहा।

पिछले करीब साल भर से लगातार इस तरह की परेशानी प्रदेशभर में चल रही है। जिसके चलते हर दो से तीन महीने में यह प्रॉब्लम लगातार सामने आती है। जिससे आवेदकों को लगातार परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दो महीने की बात की जाए तो 16वीं बार सर्वर ठप हुआ है।

### इनका कहना...

मेंटेनेंस कारणों से यह परेशानी हुई थी। जिसको लेकर वेबसाइट पर मैसेज भी दिखाई दे रहा था। जिसे शुक्रवार शाम ठीक कर दिया गया है। अब आवेदकों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं आएगी।

**उमेश जोगा**
**अपर परिवहन आयुक्त, भोपाल**

# देसी चने पर से आयात शुल्क हटाया, दाल सस्ती करने की एक और कोशिश

**मंदसौर, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** दाल-दलहन की कीमतें और महंगाई नियंत्रित करने के लिए सरकार ने एक और कदम उठाया है। देसी चना से आयात शुल्क हटा दिया गया है। आयात शुल्क में यह छूट 31 अक्टूबर 2024 तक की अवधि के लिए दी गई है।


शुक्रवार देर शाम वित्त मंत्रालय की ओर से इस बारे में अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर इसे तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया। जानकारो ने पहले यह बताया था कि सरकार चना से आयात शुल्क हटाने का निर्णय ले सकती है।

पहले उम्मीद की जा रही थी कि सरकार चुनाव के बाद इस संबंध में निर्णय लेगी। हालांकि, केंद्र ने बिना देर-किए तुरत-फुरत में ही निर्णय लेते हुए इसे लागू भी कर दिया। उल्लेखनीय है कि बीते समय से चने के दामों में लगातार तेजी देखी जा रही थी।

देसी चना 6300 रुपये क्विंटल के पार बिक रहा था। सरकार दालों की महंगाई नियंत्रित करने के लिए खासी मशक्कत कर रही है। इससे पहले स्टाक लिमिट लगाने से लेकर भारत ब्रांड से सस्ती दाल बाजार में उतारने तक का निर्णय ले चुकी है।

अब आयात शुल्क हटाने से देसी चना के साथ काबुली पर भी असर पड़ेगा। आने वाले दिनों में चना और बेसन के दाम नीचे आ सकते हैं। बीते दिनों में वैवाहिक मुहूर्त और अन्य आयोजनों के कारण चना दाल व बेसन की मांग काफी बढ़ी थी। इससे दाम भी उछल गए थे। आगे चने के दामों में फिर से मंदी देखी जा रही है।

अब तक चना के आयात पर करीब 66 प्रतिशत तक आयात शुल्क लागू था। इससे पहले सरकार पीले मटर का आयात भी खोल चुकी है। यानी स्पष्ट है कि सरकार किसी भी स्थिति में दाल व बेसन महंगा नहीं होने देना चाहती। कारोबीरी उम्मीद कर रहे हैं कि चने में फिर से गिरावट का दौर आएगा और चने



के दाम फिर से 5500 के स्तर तक आ सकते हैं।

### ग्राहकी थमने से दाल के भाव में गिरावट...

तुवर सहित अन्य दालों के भाव में लंबे समय से तेजी थी। लेकिन, लग्नसरा की ग्राहकी कमजोर होते ही सप्ताहभर से दाल व शकर सहित तेल के भाव में भी लगातार गिरावट रही। तुवर दाल में 5 रुपए किलो तक की गिरावट है। तुवर दाल जहां 173 से 175 रुपए प्रतिकिलो थोक में बिक रही थी, वह आज 168 से 170 रुपए किलो पर आ गई है। इतना ही नहीं चना, मूंग, मसूर और उड़द दाल के भाव में भी 2 से 6 रुपए किलो तक की मंदी है। व्यापारियों के अनुसार लग्नसरा की ग्राहकी अब दो महीने के लिए थम गई है, ऐसे अब तेजी के आसार बहुत कम हैं। वैसे भी लोकसभा चुनाव चल रहे हैं, ऐसे में सरकार नहीं चाहेगी कि दालों के भाव में तेजी आए।

घरों में सबसे ज्यादा तुवर (अरहर) दाल का उपयोग होता है। इसके बाद चना का उपयोग किया जाता है। इस साल के शुरू में भाव कमजोर रहे और जनवरी में तुवर दाल 155 से 160 रुपए किलो बिकी। लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकार द्वारा फरवरी से भाव पर कुछ नियंत्रण किया। जिससे मार्च अंत तक 143-150 रुपए किलो के बीच ही रहे। अप्रैल के पहले सप्ताह से अचानक भाव में तेजी आना शुरू हुई और 13 अप्रैल तक 170 से 172 रुपए किलो तक पहुंचे। थोक खेरची किराना व्यापारियों के अनुसार स्टॉकिस्टों के भाव में इतनी तेजी देखने को मिली। क्योंकि लग्नसरा की ग्राहकी ज्यादा नहीं रहती। बाजार में 25 अप्रैल तक तेजी रही और तुवर दाल 173 से 175 रुपए किलो तक थोक में बिकी। वहीं लग्नसरा पर ब्रेक लगने के साथ भाव में गिरावट शुरू हो गई। 7 दिन में ही तुवर दाल के भाव 5 रुपए किलो तक कम हो चुके हैं। वहीं अन्य दालों के साथ शकर, आटा व तेल के भाव में भी कमी देखने को मिल रही है।


|| छठवीं पुण्यतिथि ||

*पिता जीवन है, शक्ति है, पिता सृष्टि के निर्माण की अभिव्यक्ति है।*
*पिता की कमी को कोई बांट नहीं सकता*
*और*
*ईश्वर भी उनके आशीषों को काट नहीं सकता ||*



परम श्रद्धेय

प्रभु मिलन: 5 मई 2018

स्व. श्री विजय कुमार जी शर्मा

(संस्थापक- दैनिक मंदसौर संदेश) (संस्थापक- दशपुर प्रेस क्लब, मंदसौर)

की आज पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन व श्रद्धांजलि

हो गए आंखों से ओझल किन्तु आशीष सदा है साथ,
बीत चुके है छह वर्ष, करते है हर पल, हर दिन आपको याद

श्रद्धानवत

प्रेमलता शर्मा (पत्नी), सुमित-स्वाति शर्मा, संदीप-स्तुति शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु),
सपना-आशीष भार्गव (पुत्री-दामाद)

दैनिक मंदसौर संदेश परिवार, मंदसौर

# जिस विभाग में पिता रहे चतुर्थ श्रेणी, उसी विभाग में बेटा बना अधिकारी



**मंदसौर, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला लोक अभियोजन कार्यालय मंदसौर में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्री राजेन्द्र देवड़ा ने म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा-2021 में 39वीं रैंक प्राप्त की है। श्री देवड़ा ने यह उपलब्धि प्रथम प्रयास में बिना किसी कोचिंग के अपने कठिन परिश्रम और लगन से प्राप्त की है। श्री देवड़ा के पिता स्व. श्री लक्ष्मीनारायण देवड़ा अभियोजन विभाग में ही चतुर्थ श्रेणी पद पर 10 वर्ष तक सेवारत रहे। वर्ष 2013 में इनके पिताजी का हृदयाघात से निधन होने पर वर्ष 2014 में पुत्र राजेन्द्र देवड़ा को विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई। बीसीए ग्रेजुएट होने पर भी चतुर्थ श्रेणी के पद पर ही नियुक्ति से असंतुष्ट श्री देवड़ा ने उसी कार्यालय में अफसर बनने लक्ष्य निर्धारित किया। कार्यालयीन समय समाप्त होने के बाद शारीरिक व मानसिक रूप से थके होने के बावजूद भी सतत अध्ययन करना, नोटस तैयार करना एवं समय-समय पर वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन लेते रहने को अपनी दिनचर्या में शामिल किया। पिता की मृत्यु के बाद परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए अधिकारी बनने के लक्ष्य को निर्धारित करना और उसका प्राप्त करना इतना सहज नहीं था। इनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों, इष्टमित्रों, विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों ने बधाई दी है और उज्वल भविष्य की कामना की है।



# कोई भी मतदाता बिना मतदान के न जाए इस बात का विशेष ध्यान रखें -कलेक्टर

## पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दल कर्मियों का तृतीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**मंदसौर, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल संचालन के लिए नियुक्तर पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय कर्मियों को निर्वाचन प्रकिया एवं उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के सम्यक निर्वहन संबंधी तृतीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं कुशाभाउ ठाकरे आटिडोरियम में जिले के मास्टर ट्रेनर के द्वारा दो चरणों में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मंदसौर जिले के शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों जिन्हें मतदान केन्द्र हेतु नियुक्त किया गया है उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण का निरीक्षण निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अबूबक्कर सिद्दीकी पी. की ने किया एवं निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण बातो से अवगत कराया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने कहा कि मतदान केंद्र पर कोई भी मतदाता बिना मतदान के न जाए इस बात का विशेष ध्यान रखें। बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं को पहले मतदान करवाये। स्वयं का भी ख्याल रखें। प्रशिक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री सिद्दीकी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से कहा की सभी टीम वर्क के साथ कार्य करें। दल के सभी सदस्यों को निर्वाचन प्रक्रिया की भलीभांति जानकारी होना आवश्यक हैं, ताकि गलती की कोई गुंजाइश न रहे। ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर मतदान दलों को मेडिकल किट के साथ ही मतदान केंद्रों में कूलर, पेयजल एवं शेड की व्यवस्था की जा रही है। सभी अपना स्वाकस्य्न संबंधी ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर सभी समय का ध्यान रखते हुए वोटिंग कार्य तेजी से करेंगे ताकि भीड़ की स्थिति से निपटते हुए नियत समय में शत-प्रतिशत मतदान किया जा सके। उन्होंने मतदान दलों को अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि लोक सभा निर्वाचन को सफलता पूर्वक संपन्न करायें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया कि मतदान हेतु सामग्री प्राप्त करने हेतु निर्धारित समय पर पहुंचे एवं सामग्री का मिलान अच्छे से कर लेवें, मतदाता सूची को चेक करें। इस के साथ ही मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण में मतदान से पूर्व बूथ पर की जाने वाली कार्रवाई, मतदान शुरू करने, मतदान समाप्ति सहित सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। मतदान दिवस पर निर्धारित समय पर मतदान करवाये। बूथ पर मोबाईल का उपयोग न करें। मतदान कराने से पूर्व मॉक पोल कराना अनिवार्य है। उन्हों ने बताया कि पार्टी प्रत्याशी एजेंटों के सामने मॉक पोल मतदान करवायें। मतदान में लगे सभी कर्मचारी कर्तव्यनिष्ठा एवं शालीनता, सुरक्षा और गोपनीयता के साथ मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जाना हैं, जिसकी जिम्मौदारी आप की हैं। प्रशिक्षण में मतदान हेतु मतदाता की ग्रीन लाईन के बारे में बताया गया जिसमें बुर्जुग, गर्भवती महिलाएँ एवं विकलांग व्यमक्ति शामिल रहेंगे जिनका मतदान पहले प्राथमिकता के साथ कराया जाये। मास्टर ट्रेनर ने मतदान दलकर्मियों को मतदान कराये जाने हेतु सैद्धान्तिक प्रशिक्षण देकर बारीकियों को समझाया। प्रशिक्षण में मतदान दल कर्मियों को ईवीएम, व्ही.व्ही.पैट मशीन, वेलिट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट की कार्यप्रणाली उसे कनेक्ट करना एवं इनकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्त्र से समझाया गया। उन्होंने प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने व सील करने के साथ ही वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुवे प्रशिक्षण दिया गया। निर्वाचन समाप्त होने के पश्चात मशीन को क्लोज करना ना भूले, यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने मशीनों की सुरक्षा केसंबंध में विशेष बाते अवगत कराई। मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण के दौरान मतदान दल कर्मियों को मतदान प्रक्रिया से संबंधित शंकाओं एवं प्रश्नों का समाधान किया।

# विवाद का पटाक्षेप, पट्टाधारक ने स्वयं कब्जा हटाकर नप को सुपुर्द की जमीन





**पिपलियामंडी, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया स्टेशन (निप्र)। टीलाखेड़ा में सड़क निर्माण के दौरान खाली पड़ी जगह को लेकर चल रहे विवाद का शनिवार को पटाक्षेप हो गया। पट्टा धारक ने स्वयं कब्जा हटाकर नगर परिषद् को उक्त भूमि सुपुर्द कर दी। जानकारी के अनुसार ज्योति बा फूले से सरस्वती शिशु मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। 10 दिन पूर्व भी फूले चाराहे के पास खाली पड़ी जगह पर सड़क निर्माण कार्य को रोका गया था, पट्टा धारक ने आपत्ति जताई थी कि उक्त भूमि को लेकर प्रकरण कोर्ट में चल रहा है। इसके बाद शुक्रवार को भी सड़क निर्माण कार्य शुरु होने के बाद विवाद की स्थिति बनी और काम फिर रोक दिया था। उल्लेखनीय है कि ज्योति बा फूले चोराहे के पास शासकीय बाउमावि की दिवार के पास खाली पड़ी 240 वर्ग फिट जगह पर रामलाल पिता नानूराम राठौर ने सन् 1981 का पट्टा होना बताया था। इसी को लेकर नारायणगढ़ कोर्ट में भी प्रकरण चला, लेकिन वहां नगर परिषद् के पक्ष में फैसला हुआ। इसकी अपील पट्टा धारक ने मंदसौर न्यायालय में की थी। शनिवार को पट्टा धारक रामलाल राठौर ने उक्त जगह से स्वयं अपना कब्जा हटाते हुए नगर परिषद् को सुपुर्द कर दी। इस संबंध में सुपुर्दगी का पत्र लिखित में एक पत्र सीएमओ प्रवीण सेन, उपयंत्री राजेश उपाध्याय को दिया। इस अवसर पर नगर परिषद् के पूर्व अध्यक्ष कचरमल राठौर, मूलचंद जादव, भेरुलाल जादव, लालाराम गेहलोत, मन्नालाल राठौर, ओमप्रकाश गेहलोत, अभिषेक सैनी, अमित सेनी, मांगीलाल राठौर आदि उपस्थित रहे।

# कच्ची जहरीली शराब बेचने वाले आरोपी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

**मंदसौर, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार सौधिया मंदसौर द्वारा आरोपी विवेक पिता राजेश चैधरी, उम्र 24 वर्ष निवासी प्रेम कॉलोनी, जिला मंदसौर को 02 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक लाख रूपये जुर्मने से दण्डित किया गया।



अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी बलराम सौलंकी द्वारा घटना के संबंध में बताया कि सहायक उपनिरीक्षक मोहम्मद सादिक मंसूरी को दिनांक 14.11.2022 को सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति हाथ में सफेद रंग की कैन में जहरीली हाथ भट्टी की कच्ची शराब बेचने के लिए 500 क्वार्टर टिगरिया के पीछे खाली प्लाट के पास खड़ा है। सुचना की तस्दीक हेतु राहगीर पंचान सईद एवं मोहम्मद फारूख, आरक्षक भुपेन्द्र आर्य व आरक्षक शाकिन नागदा मय फोर्स व पंचानो के रवाना होकर 500 क्वार्टर टिगरिया के पीछे खाली प्लाट पर पहूॅचकर देखा कि एक व्यक्ति हाथ में एक सफेद रंग की कैन लिये खड़ा था, जिसे पकड़ने पर उसने नाम विवेक उर्फ चैधरी पिता राजेश चैधरी होना बताया, उसके हाथ में लिये सफेद कैन को चेक करते उसमें हल्के निले रंग का तरल प्रदार्थ भरा हुआ पाया जिसके अंदर शराब जेसी गंध आ रही थी और उससे ऑखों में जलन सी होने लगी थी, अभियुक्त ने बताया कि उसने शराब की तीव्रता बढ़ाने के लिए केमीकल नीला थोथा मिलाया है। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 49 (ए) आबकारी अधिनियम के तहत दंडनीय पाया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा बनाया गया। जप्तशुदा शराब व आर्टिकलों को मालखाना प्रभारी के सुपुर्द कर आरोपी के विरूद्व प्रकरण पंजीबद्व कर आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अभियोजन अधिकारी द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्व किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री संजय वसुनिया द्वारा किया गया।

# जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर



**मंदसौर, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा प्रसारित दिशानिर्देशों के अनुपालन तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्रीमती रेणुका कंचन महोदया के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में दिनांक 04 मई, 2024 को स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से जिला न्यायालय परिसर, मंदसौर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

प्रधान जिला न्यायाधीश महोदया द्वारा फीता काटकर रक्तदान शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती रेणुका कंचन महोदय ने व्यक्त किया कि रक्तदान किये जाने के संबंध में आमजन में कई भ्रांतिया व्याप्त है, जबकि रक्तदान करना रक्तदाता एवं समाज दोनो के लिये उपयोगी है। उनके द्वारा रक्तदान के लाभ को बताते हुये, उपस्थित जन से व आमजन से अपील की कि वे इस स्वेच्छीक पुनीत कार्य में सहभागी बने। उक्त शिविर में मुख्यालय पर पदस्थ न्यायाधीशगण में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री आसिफ अब्दुल्लाह, श्री विशाल शर्मा, श्री सुरेश सिंह जमरा, व्यवहार न्यायाधीश श्री काशिश माटा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार द्वारा रक्तदान किया गया। साथ ही अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेन्टियर्स एवं अन्य द्वारा भी स्वेच्छिक रूप से रक्तदान किया गया। माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदया द्वारा रक्तदान करने वालों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किये गये। सचिव ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर सिद्धार्थ तिवारी ने समस्त रक्तदाताओं एवं शिविर में उपस्थितजन का आभार व्यक्त किया।

# महाकाल मंदिर में आंध्र प्रदेश और मुंबई के श्रद्धालू के बीच मारपीट

**उज्जैन, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** महाकाल मंदिर परिसर में धक्का लगने की बात को लेकर मुंबई और आंध्र प्रदेश से आए श्रद्धालुओं के बीच मारपीट हो गई। इससे आंध्र प्रदेश से आया दर्शनार्थी घायल हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया। वहीं मारपीट करने वाले श्रद्धालु को सुरक्षाकर्मियों ने थाने भेज दिया। बताया जा रहा है कि मुंबई से आए श्रद्धालु की गर्भवती पत्नी को धक्का लगने की बात को लेकर विवाद हुआ था।

महाकाल पुलिस ने बताया कि मंदिर में दक्षिण भारत से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही हैं। शनिवार को मंदिर परिसर में स्थित बृहस्पतिश्वर मंदिर में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं के बीच धक्का लगने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि श्रद्धालुओं में आपस में मारपीट हो गई।



इससे आंध्र प्रदेश से श्रद्धालु रघुराज उम्र 47 वर्ष को चोट लगने से वह घायल हो गया।

**किसी ने नहीं की शिकायत-** सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट करने वाले मुंबई के श्रद्धालु को पकड़ लिया। उसका कहना था कि उसकी पत्नी गर्भवती है तथा उसे बार-बार भीड़ में धक्का लग रहा था। कई बार मना करने के बाद भी लोग नहीं माने थे। इस पर विवाद हुआ। आरोपित श्रद्धालु को थाने भेजा गया है। वहीं उपचार के लिए घायल श्रद्धालु को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस का कहना है की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घायल व्यक्ति ने शिकायत नहीं की है।




# छात्रों को मतदान की शपथ दिलाई

**मंदसौर, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर में लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई एवं सेल्फी जोन के द्वारा विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ दिनेश तिवारी ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. कुणाल शक्तावत, प्राध्यापक डॉ. राजेश कोशिक, क्रीड़ा एवं एनसीसी अधिकारी श्री राजेश नोगीया, डॉ सीमा श्रीमाल डॉ रूचि चौहान, प्रोफेसर हेमलता चौहान, प्रोफेसर ईश्वर प्रजापत, प्रोफेसर तरुणा शर्मा, प्रोफेसर करण आर्य एवं सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई जा रही शपथ

**मंदसौर, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गतिविधि हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर की जा रही है। साथ मतदान केंद्रों पर जाकर ईवीएम को चलाना, मतदान का महत्व, लोकतंत्र का महत्व आदि के बारे में मतदाताओं को बताया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न हो।

# कलेक्टर ने ईवीएम कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया



**मंदसौर, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने पीजी कॉलेज पहुँचकर ईवीएम कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन कर ईवीएम कमीशनिंग सहित निर्वाचन संबंधी सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पीजी कॉलेज में विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए स्ट्रांग रूम परिसर में प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम कमीशनिंग का कार्य किया गया। कमीशनिंग कार्य के तहत हर मशीन पर नोटा सहित लोकसभा का चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों के हिसाब से मत पत्र लगाने का काम किया गया है। साथ ही बैटरी लगाकर प्रत्याशियों एवं उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मॉकपोल (दिखावटी मतदान) भी कराया गया। इसके अलावा अन्य ईवीएम में भी नोटा सहित सभी बटन एक-एक बार दबाकर मॉकपोल किया गया है। इसके बाद मशीन का सभी डाटा क्लीयर कर मशीन को स्विच ऑफ कर दिया गया है। मतदान के लिये पूर्णत: तैयार सभी ईवीएम विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए स्ट्राँग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी गई हैं।

# सेन समाज द्वारा आज मनाई जाएगी सेन जयंती

**मनासा, 4 मई गुरु एक्सप्रेस।** सेन समाज नवयुवक मंडल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अपने आराध्य देव संत शिरोमणि सेनजी महाराज की 724 वीं जयंती नगर में बड़े ही हर्षोल्लास व धुमधाम के साथ मनाई जाएगी। सेन समाज जिला अध्यक्ष दीपक गेहलोद, सेन जंयती महोत्सव समिति नवयुवक मंडल अध्यक्ष राहुल सोलंकी, तहसील अध्यक्ष हिम्मत परमार, नगर अध्यक्ष जगदीश बोराना, धर्मशाला अध्यक्ष प्रहलाद खींची केस शिल्पी अध्यक्ष सुनील डाबी ने बताया कि 5 मई रविवार जयंती के अवसर पर दोपहर साढ़े चार बजे समाज के रघुनाथ मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: सुदामापुरी धर्मशाला में पहुंचेगी। जहा महाआरती के पश्चात सांय 6.30 बजे समाज के कक्षा 8 वीं, 10 वीं, 12 वीं में 75 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम श्रेणी में पास होने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्रा अपनी अंक सुची की फोटो कापी ,दो रंगीन पासपोर्ट फोटो, नवयुवक मंडल अध्यक्ष राहुल सोलंकी को जमा कराए।



फार्मेट सी-1

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता :- श्री सुधीर गुप्ता, 2/2, हाउसिंग कॉलोनी, मन्दसौर, तहसील मन्दसौर, जिला मन्दसौर, मध्यप्रदेश

राजनैतिक दल का नाम :- भारतीय जनता पार्टी

निर्वाचन का नाम :- लोकसभा

*निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- 23 लोकसभा मन्दसौर

मैं, सुधीर गुप्ता उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूं-

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 01. | एम पी एम एल ए इंदौर | 01/24.01.24 | आरोप विरचित नहीं | भा. दं. वि. 188 |

| (ख) | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|
| क्र. सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

सुधीर गुप्ता
अभ्यर्थी, भारतीय जनता पार्टी
23 - मन्दसौर लोकसभा क्षेत्र

फार्मेट सी-2

**दल द्वारा खड़े किए गए अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

राजनैतिक दल का नाम :- भारतीय जनता पार्टी

निर्वाचन का नाम :- 23 - लोकसभा मन्दसौर

राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम :- मध्यप्रदेश

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (क) लंबित आपराधिक मामले | | (ख) आपराधिक मामलों के लिए दोष सिद्धी के विषय के संबंध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम, मामले की सं. एवं मामला (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध (धों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (तारीखें) | अपराध (धों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| 01. | 23 - मन्दसौर | सुधीर गुप्ता | एम पी एम एल ए इंदौर 01/24.01.24 आरोप विरचित नहीं | भा. दं. वि. 188 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |



(एस.एस. उप्पल)
प्रदेश संयोजक
निर्वाचन आयोग, समन्वय विभाग
भारतीय जनता पार्टी,
मध्यप्रदेश

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in